भारतीय रिज़र्व बैंक
गैर-बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग
केंद्रीय कार्यालय
सेंटर-1, विश्व व्यापार केंद्र
कफ परेड, कोलाबा
मुंबई-400 005

(मास्टर अधिसूचना - 30 जून 2007 को यथा संशोधित)

अधिसूचना सं. डीएफसी .55/डीजी(ओ)-87, दिनांक 15 मई 1987

भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45 जे और 45 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों तथा इसके लिए प्राधिकृत करनेवाली सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह आवश्यक मानकर कि नीचे उल्लिखित निदेश दिया जाना जनहित में है, भारतीय रिज़र्व बैंक इसके पश्चात विनिर्दिष्ट निदेश देता है।

भाग-I - प्रारंभिक

1. निदेशों का संक्षिप्त शीर्षक और प्रारंभ

इन निदेशों को "आवशिष्ट गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (रिज़र्व बैंक) निदेशक, 1987" के रूप में जाना जाएगा। वे 15 मई 1987 से प्रभावी रूप से लागू होंगे और इन निदेशों के प्रारंभ होने की तारीख किसी भी संदर्भ के लिए वही तारीख मानी जाएगी।

भाग II - निदेशों की व्यापकता

2. ये निदेश ऐसी प्रत्येक अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी पर लागू होंगे अर्थात ऐसी बैंकिंग संस्था जो एक कंपनी है, जो किसी योजना अथवा व्यवस्था के अंतर्गत, *[गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी जनता की जमाराशि की स्वीकृति (रिजर्व बैंक) निदेश, 1998]*[1] अथवा विविध गैर-बैंकिंग कंपनी (रिज़र्व बैंक) निदेश, 1977 जैसा भी में अंतर्निहित परिभाषा के अनुसार, मामला हो, चाहे जिस किसी भी नाम से अंशदानों अथवा अभिदानों अथा युनिटों अथवा प्रमाण-पत्रों अथवा अन्य लिखतों द्वारा एकमुश्त रूप में अथवा किश्तों में अथवा अन्य किसी तरीके से कोई भी जमाराशि प्राप्त करती है और जो निम्नलिखित नहीं है।

i) उपकरण पट्टेदारी कंपनी

[1] अधिसूचना सं. 149 दिनांक 27 जून, 2001 द्वारा प्रतिस्थापित

ii) किराया खरीद वित्त कंपनी

iii) आवास वित्त कंपनी

iv) बीमा कंपनी

v) निवेश कंपनी

vi) ऋण कंपनी

vii) पारस्परिक लाभ वित्तीय कंपनी

viii) विविध गैर-बैंकिंग कंपनी और

[(ix) पारस्परिक लाभ कंपनी][2]

3. परिभाषा

इन निदेशों में, जबतक संदर्भ के अनुसार अन्यथा अपेक्षित न हो,

(क) "जमाराशि" का वही अर्थ होगा जो भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45आइ(बीबी) में समनुदेशित है;

(ख) "जमाकर्ता" का अर्थ ऐसा कोई व्यक्ति है जिसने कंपनी में राशि जमा की है;

(ग) शब्द या अभिव्यक्तियां जो प्रयुक्त हुई हैं लेकिन यहां पारिभाषित नहीं है लेकिन भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) में परिभाषित हैं, उनका वही अर्थ होगा जो उक्त अधिनियम में उन्हें समनुदेशित किया गया है। अन्य कोई शब्दावली या अभिव्यक्तियां जो इसमें अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934(1934 का 2) में अपरिभाषित हैं किंतु कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) में परिभाषित हैं, उनका वही अर्थ होगा जैसा कि कंपनी अधिनियम 1956 (1956 का 1) में उन्हें समनुदेशित किया गया है।

4. अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियों द्वारा जमाराशि की स्वीकृति

12 अप्रैल, 1993[3] को और इस दिन से कोई भी अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी ऐसी कोई भी जमाराशि जो मांग अथवा सूचना पर अथवा इस तरह की जमाराशि की प्राप्ति की तिथि[4] से 12 माह से कम अथवा 84 माह[4] से अधिक अवधि के बाद प्रतिदेय हो, स्वीकार नहीं करेगी अथवा कंपनी को उक्त तिथि के पहले या बाद में प्राप्त किसी जमाराशि का नवीकरण नहीं करेगी, जब तक ऐसी जमाराशि नवीकरण की तिथि से 12 महीने से पहले और 84 महीने[4] के बाद प्रतिदेय नहीं हो।

---

[2] अधिसूचना सं. 149 दिनांक 27 जून 2001 द्वारा शामिल किया गया।

[3] अधिसूचना सं. डीएफसी (सीओसी)-68/ईडी(एस)-93 दिनांक 19 अप्रैल 1993 द्वारा प्रतिस्थापित

[4] अधिसूचना सं. डीएफसी (सीओसी)-68/ईडी(एस)-93 दिनांक 19 अप्रैल 1993 द्वारा प्रतिस्थापित

स्पष्टीकरण

जहां कोई जमाराशि किश्तों में प्राप्त होती है, वहां जमाराशि की अवधि की गणना पहली किश्त की प्राप्ति की तिथि से की जाएगी।

[5]**[4ए.** कोई अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी अपने राजस्व व्यय को पूरा करने के लिए किसी जमाकर्ता/ग्राहक से उसकी सहमति से/बिना उसकी सहमति से कंपनी द्वारा चलाई जा रही किसी योजना के लिए प्रक्रिया या रखरखाव प्रभार या अन्य किसी प्रभार, किसी भी नाम से कोई राशि नहीं लेगी।]

[6] [बशर्ते कोई कंपनी किसी नये जमाकर्ता/ग्राहक से ब्रोशर (विवरणिका) जारी करने, आवेदन पत्र के लिए या जमाकर्ता के खाते की देखभाल के लिए, जहां इस तरह की जमाराशि का कुल वार्षिक अभिदान 500/- रुपए से कम नहीं है, देखभाल के लिए (सेवा-शुल्क के रूप में) किए गए व्ययों की लागत के तौर पर एक बार (वापस न करने योग्य) अधिकतम 80/- रुपए (अस्सी रुपए मात्र) की प्रभार लगा सकती है। जहां वसूली गई जमाराशि 500/- रुपए से कम है, वहां एक बार दी जाने वाली और वापस नहीं की जानेवाली 80/-[7] रुपए की उक्त राशि में यथानुपात कटौती की जाएगी, दैनिक जमाराशि योजना के अंतर्गत प्राप्त की जानेवाली जमाराशि पर इस तरह की कोई राशि नहीं वसूली जाएगी]

[8]**[जमाराशि की वसूली करने के लिए शाखाओं और एजेंटों की नियुक्ति]**

4 बी. *13 जनवरी, 2000 को और उस दिन से कोई भी अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी जमाराशि वसूलने के लिए केवल नीचे दिए गए निर्धारित प्रावधानों को छोड़कर अपनी शाखाएं/ अपना कार्यालय नहीं खोल सकती है अथवा एजेंट नहीं नियुक्त कर सकती है;*

(i) *कोई भी अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी जिसके पास भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45-आइए के अंतर्गत जारी किया गया पंजीकरण प्रमाणपत्र है, अपनी शाखाएं खोल सकती है अथवा अपने एजेंट नियुक्त कर सकती है अगर इसकी*

(क)	*निवल स्वाधिकृत निधियां 50 करोड़ रुपए तक है*	*उस राज्य के अंतर्गत जहां उसका पंजीकृत कार्यालय स्थित है; और यदि*

[5] अधिसूचना सं. डीएफसी(सीओसी)-69/ईडी (एस)-93 दिनांक 19 अप्रैल 1993 द्वारा शामिल किया गया।
[6] अधिसूचना सं. डीएफसी(सीओसी)-82 ईडी (जेआरपी)-96 दिनांक 22 मार्च 1996 द्वारा प्रतिस्थापित
[7] अधिसूचना सं. 113/ईडी(जी)-97 दिनांक 11 नवंबर 1997 द्वारा शामिल किया गया।
[8] अधिसूचना सं.डीएनबीएस.136/सीजीएम(वीएसएनएम)-2000 दिनांक 13 जनवरी 2000 द्वारा शामिल किया गया।

(ख) निवल स्वाधिकृत निधियां भारत में कहीं भी

50 करोड़ रुपए से अधिक है

(ii) (क) अपनी शाखा/कार्यालय खोलने के लिए, अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी को भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तावित शाखा खोलने के अपने इरादे की सूचना देनी होगी;

(ख) ऐसी सूचना प्राप्त होने पर, रिज़र्व बैंक, इस बात से संतुष्ट होकर कि ऐसा करना जनहित में है अथवा संबंधित अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी के हित में है अथवा अन्य किन्हीं संगत कारणों से प्रस्ताव को अस्वीकार कर सकता है तथा उस अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी को इससे सूचित कर सकता है;

(ग) यदि इस तरह की सूचना प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर रिज़र्व बैंक द्वारा ऊपर (ख) में दिए गए प्रस्ताव की अस्वीकृति की सूचना नहीं दी जाती है तो अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी अपने प्रस्ताव पर कार्रवाई कर सकती है।

शाखाओं का समापन

4 सी. *कोई अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी अपनी शाखा/अपने कार्यालय के प्रस्तावित समापन के नब्बे दिन पहले किसी राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र और संबंधित स्थान में प्रचलित स्थानीय भाषा के समाचार पत्र में उक्त शाखा/कार्यालय को बंद किए जाने के इरादे की सूचना प्रकाशित कराए बिना और रिज़र्व बैंक को प्रस्तावित समापन के कम-से-कम नब्बे दिन पहले सूचित किए बिना अपनी शाखा/अपने कार्यालय को समाप्त नहीं करेगी।*

[9]***[विवेकपूर्ण मानदंडों का अनिवार्य अनुपालन***

4 डी. कोई अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी अधिसूचना सं. डीएफसी.119/डीजी(एसपीटी)-98 दिनांक 31 जनवरी 1998 में निहित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी विवेकपूर्ण मानदंड (रिज़र्व बैंक) निदेश, 1998 की सभी अपेक्षाओं का अनुपालन किए बिना जमाराशि स्वीकार या उसका नवीकरण नहीं करेगी।]

5. प्रतिलाभ की न्यूनतम दर

[10][11 नवंबर 1997 को और उस दिन से किसी अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी द्वारा उस तिथि से प्राप्त जमाराशियों से संबंधित ब्याज, प्रीमियम, बोनस अथवा किसी भी नाम से, अन्य लाभ के रूप में देय राशि नीचे परिगणित राशि से कम नहीं होगी-

[9] अधिसूचना सं. डीएनबीएस. 143/सीजीएम (वीएसएनएम)-2000 दिनांक 30 जून 2000 द्वारा शामिल।

(i) एकमुश्त रूप में अथवा मासिक रूप में अथवा दीर्घ अंतरालों में जमा की गई राशि पर 8 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से (वार्षिक आधार पर चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में परिगणित);

(ii) दैनिक जमा योजनाओं के अंतर्गत जमा की गई राशि पर 6 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर पर (वार्षिक आधार पर चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में परिगणित)

बशर्ते कोई अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी एक वर्ष की अवधि समाप्त होने के बाद लेकिन जिस अवधि के लिए स्वीकार की गई थी उस अवधि के समाप्त होने के पहले अगर जमाकर्ता के अनुरोध पर जमाकर्ता को जमाराशि की चुकौती करती है, तो कंपनी द्वारा ऐसी जमाराशि पर ब्याज, प्रीमियम, बोनस अथवा अन्य लाभों के रूप में देय राशि में उस तरह की जमाराशि पर उस अवधि के लिए दिए जाने वाले लाभों की दर से एक प्रतिशत की कटौती कर ली जाएगी जो कंपनी सामान्यतः ब्याज, बोनस, प्रीमियम अथवा अन्य लाभों के रूप में ऐसी जमा राशि पर उक्त अवधि के लिए स्वीकार करने पर भुगतान करती ।

[11][*1 जुलाई 2000 और उस दिन से किसी अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी द्वारा उक्त तिथि से प्राप्त जमाराशियों से संबधित ब्याज, प्रीमियम, बोनस अथवा किसी नाम से अन्य लाभ के रूप में देय राशि नीचे परिगणित राशि से कम नहीं होगी-*

(i) एकमुश्त रूप में अथवा मासिक रूप में अथवा दीर्घ अंतरालों में जमा की गई राशि पर 6 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से (वार्षिक आधार पर चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में परिगणित);

(ii) दैनिक जमा योजनाओं के अंतर्गत जमा की गई राशि पर 4 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से (वार्षिक आधार पर चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में परिगणित);

बशर्ते कोई अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी एक वर्ष की अवधि समाप्त होने के बाद लेकिन जिस अवधि के लिए जमा राशि स्वीकार की गई थी, उस अवधि के समाप्त होने के पहले अगर जमाकर्ता के अनुरोध पर जमाकर्ता को जमाराशि की चुकौती करती है,तो कंपनी द्वारा ऐसी जमाराशि पर ब्याज, प्रीमियम, बोनस अथवा अन्य लाभों के रूप में देय राशि में से उस तरह की जमाराशि पर उस अवधि के लिए दिए जानेवाले लाभों की दर से एक प्रतिशत की कटौती कर ली जाएगी जो कंपनी

---

[10] अधिसूचना सं. 113 दिनांक 11 नवंबर 1997 द्वारा प्रतिस्थापित।

[11] अधिसूचना सं. 143 दिनांक 30 जून 2000 द्वारा प्रतिस्थापित

सामान्यतः ब्याज, बोनस, प्रीमियम अथवा अन्य लाभों के रूप में ऐसी जमा राशि पर उक्त अवधि के लिए स्वीकार करने पर भुगतान करती है।]

[12]*[1 अप्रैल 2003 से को और उस दिन किसी अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी द्वारा उक्त तिथि से प्राप्त जमाराशियों से संबंधित ब्याज, प्रीमियम, बोनस अथवा किसी नाम से अन्य लाभ के रूप में देय राशि नीचे परिगणित राशि से कम नहीं होगी-*

(i) *एक मुश्त रूप में अथवा मासिक रूप में अथवा दीर्घ अंतरालों में जमा की गई राशि पर पांच प्रतिशत की दर से (वार्षिक आधार पर चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में परिगणित); और*

(ii) *दैनिक जमा योजनाओं के अंतर्गत जमा की गई राशि पर साढ़े तीन प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से (वार्षिक आधार पर चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में परिगणित):*

कोई अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी एक वर्ष की अवधि समाप्त होने के बाद लेकिन जिस अवधि के लिए जमाराशि स्वीकार की गई थी, उस अवधि के समाप्त होने के पहले अगर जमाकर्ता के अनुरोध पर जमाकर्ता को जमाराशि की चुकौती करती है, तो कंपनी द्वारा ऐसी जमाराशि पर ब्याज, प्रीमियम, बोनस अथवा अन्य लाभ के रूप में देय राशि में से उस तरह की जमा राशि पर उस अवधि के लिए दिए जानेवाले लाभों की दर से एक प्रतिशत की कटौती कर ली जाएगी, जो कंपनी सामान्यतः ब्याज, बोनस, प्रीमियम अथवा अन्य लाभों के रूप में ऐसी जमाराशि पर उक्त अवधि के लिए स्वीकार करने पर भुगतान करती ।]

जमाराशियों की चुकौती से संबंधित सामान्य प्रावधान

जमाकर्ताओं को जमाराशियों की परिपक्वता की सूचना देना

[13][**5 ए.** अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी का यह दायित्व होगा कि वह जमाकर्ता को जमाराशि की परिपक्वता के ब्योरों की सूचना जमाराशि की परिपक्वता की तिथि से कम-से-कम दो महीने पहले दे।"

''जमाकर्ता की मृत्यु की स्थिति में न्यूनतम

अवरुद्धता अवधि और चुकौती

5 बी. 5 अक्तूबर, 2004 के और उस दिन से,

(i) कोई अवशिष्ट गैर-बैंकिंग अपनी जमाराशि की प्राप्ति की तिथि से बारह महीनों की अवधि (अवरुद्धता अवधि) के भीतर समयपूर्व चुकौती नहीं करेगी:

---

[12] अधिसूचना सं. 169 दिनांक 31 मार्च 2003 द्वारा प्रतिस्थापित

[13] अधिसूचना सं. 180 दिनांक 5 अक्तूबर 2001 द्वारा शामिल किया गया

बशर्ते कोई अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी जमाकर्ता की मृत्यु की स्थिति में, अवरुद्धता अवधि के भीतर भी, उत्तरजीवी जमाकर्ता/जमाकर्ताओं को (संयुक्त रूप से उत्तरजीवी होने के मामले में) अथवा मृत जमाकर्ता के नामिती अथवा वैध उत्तराधिकारी/उत्तराधिकारियों को उनके अनुरोध पर और उसे प्रस्तुत मृत्यु प्रमाणपत्र से संतुष्ट होने की स्थिति में ही जमाराशि की समयपूर्व चुकौती कर सकती है।

किसी अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी जो समस्याग्रस्त अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी नहीं है, द्वारा जमाराशियों की चुकौती

(ii) उप पैरा (i) मे निहित प्रावधानों के अधीन, कोई अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी, जो समस्याग्रस्त गैर-बैंकिंग कंपनी नहीं है, 5 अक्तूबर 2004 से किसी जमाराशि की समयपूर्व चुकौती की अनुमति अकेले अपने विवेकाधिकार से दे सकती है:

बशर्ते ऐसी अवशिष्ट गैर बैंकिंग कंपनी, जमाकर्ता के अनुरोध पर जमाराशि की तिथि से बारह महीने समाप्त होने बाद समयपूर्व चुकौती कर सकती है, लेकिन वह जमाराशि उपर्युक्त तिथि से पहले स्वीकार की गई हो और जमाराशि की स्वीकृति की शर्तें इसकी अनुमति देती हों।

किसी समस्याग्रस्त अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी द्वारा जमाराशियों की चुकौती

(iii) उक्त उप-पैराग्राफ(i) में निहित प्रावधानों के अधीन किसी जमाकर्ता को आकस्मिक स्वरूप के व्यय की पूर्ति में सक्षम बनाने के उद्देश्य से कोई समस्याग्रस्त अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी निम्नानुसार जमाराशि की अवधिपूर्व चुकौती कर सकता है:

बहुत छोटी जमाराशि की पूरी या 10,000 रुपए तक किंतु उससे अधिक नहीं, अन्य जमाराशि की चुकौती कर सकती है।

[14]समस्याग्रस्त अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी द्वारा जमाराशियों का समूहन

(iv) किसी समस्याग्रस्त अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी द्वारा समयपूर्व चुकौती के प्रयोजन से जमाकर्ता के एकल/पहले नामवाले सभी जमा खाताओं का उसी रूप में एक समूह बनाया जायेगा और उसे एक जमा खाता के रूप में माना जाएगा;

बशर्ते यह खंड जमाकर्ता की मृत्यु की स्थिति में की जानेवाली समयपूर्व चुकौती के लिए लागू नहीं होगा जैसा कि उपपैरा (i) में प्रावधान किया गया है। [14]

जमाराशियों की समयपूर्व चुकौती पर ब्याज की दर

---

[14] अधिसूचना सं. डीएनबीएस 183/सीजीएम (पीके)-2005 दिनांक 9 दिसंबर 2005

(v) अगर कोई अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी, चाहे अपने एकल विवेकाधिकार से या जमाकर्ता के अनुरोध पर, जो भी मामला हो, जमाराशि की स्वीकृति की तिथि से बारह महीनों के बाद लेकिन उसकी परिपक्वता अवधि के पहले (जमाकर्ता की मृत्यु की स्थिति में की जानेवाली समयपूर्व चुकौती भी शामिल) जमाराशि की चुकौती करती है तो उसे निम्नलिखित दरों पर ब्याज का भुगतान करना होगाः

12 महीने की समाप्ति के बाद लेकिन परिपक्वता तिथि से पहले	जमाराशि जिस अवधि तक जमा रही है, उस पर लागू ब्याज दर से 2 प्रतिशत कम ब्याज दर पर ब्याज देय होगा अथवा यदि उस अवधि के लिए कोई दर निर्दिष्ट नहीं है तो जिस दर पर अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी द्वारा जमाराशियां स्वीकार करने की न्यूनतम दर से 3 प्रतिशत कम दर पर ब्याज देय होगा।

स्पष्टीकरण : इस पैरा के प्रयोजनार्थ

(क) 'समस्यागत अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी' का अर्थ ऐसी अवशिष्ट गैर बैंकिंग कंपनी है-

(i) जिसने परिपक्वता अवधि पूर्ण जमाराशि की चुकौती के लिए की गई किसी वैध मांग को पांच कार्य दिवसों के अंदर पूरा करने से इनकार कर दिया हो अथवा ऐसा करने में वह असफल रही हो; अथवा

(ii) जो किसी लघु जमाकर्ता को किसी जमाराशि अथवा उसके किसी भाग अथवा उस पर देय ब्याज की चुकौती में हुई अपनी चूक के बारे में कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 58 एए के अंतर्गत कंपनी विधि बोर्ड को सूचित करती है; अथवा

(iii) जो अपनी जमाराशि के दायित्वों की पूर्ति के लिए चलनिधि प्रतिभूतियों के आहरण के लिए रिज़र्व बैंक से प्रस्ताव करती है; अथवा

(iv) जो बैंक के समक्ष अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी (रिजर्व बैंक) निदेश, 1987 के प्रावधानों अथवा जमाराशि चुकाने में होनेवाली चूक को टालने के लिए विवेकपूर्ण मानदंडों अथवा अन्य दायित्वों से किसी तरह की राहत अथवा रियायत अथवा छूट के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करती है; अथवा

(v) रिज़र्व बैंक द्वारा बिना किसी अनुरोध के जमाराशि की वापसी अथवा जमाराशियों की चुकौती नहीं कर पाने के बारे में जमाकर्ताओं की शिकायतों के आधार पर अथवा बकायों की चुकौती नहीं कर पाने के बारे में कंपनी के उधारकर्ताओं की

शिकायतों के आधार पर समस्याग्रस्त अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी के रूप में पहचान की गई है।

(ख) 'बहुत छोटी जमाराशि' का अर्थ जमाराशियों की कुल राशि अधिकतम 10,000/- रुपए है जो अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी की सभी शाखाओं में एकल अथवा प्रथम नामित जमाकर्ता के नाम से उसी रूप में जमा है।"]

[15] **[अनिवासी भारतीयों से प्राप्त जमाराशियों पर प्रतिलाभ की न्यूनतम दर]**

[16]**[5 सी.]** 19 सितंबर, 2003 को और उस दिन से कोई भी अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी अनिवासी (बाह्य) खाता योजना के अंतर्गत जारी अधिसूचना सं. एफईएमए.5/2000-आरबी दिनांक 3 मई, 2000 के अनुसार अनिवासी भारतीयों से प्राप्त प्रत्यावर्तनीय जमाराशियों को अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में जमा की जानेवाली ऐसी जमाराशियों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट दर से अधिक दर पर आमंत्रित अथवा स्वीकृत अथवा उसका नवीकरण नहीं करेगी।

स्पष्टीकरण :उपर्युक्त जमाराशियों की अवधि न्यूनतम एक वर्ष और अधिकतम तीन वर्ष होगी।

[17]**[6. जमाकर्ताओं की सुरक्षा**

1 मई, 1997 को और से

(1) प्रत्येक अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी ऐसी एक राशि का, जिसमें भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45-आइबी के अंतर्गत परिसंपत्ति के रूप में निवेश की गई राशि शामिल है, ऐसी प्रतिभूतियों में या अन्य प्रकार के निवेशों में निवेश करेगी अथवा निवेश करना जारी रखेगी, जो भाररहित होंगे और निम्नानुसार चालू बाजार मूल्य से अधिक कीमत पर जिनका मूल्य नहीं आंका जायेगा, और जो 30 जून, 1997 को समाप्त तिमाही के किसी दिन कारोबार की समाप्ति पर और उसके बाद प्रत्येक तिमाही के किसी दिन जमाकर्ताओं के प्रति देयताओं की कुल राशि से कम नहीं होगी। उक्त राशि दूसरी अगली तिमाही के अंतिम कार्य दिवस को कारोबार की समाप्ति पर (चाहे ऐसी राशियां देय हो गई हों या नहीं) शेष होगी। अर्थात् -

(क) जमाकर्ताओं को देय देयताओं की कुल राशि का न्यूनतम 10 प्रतिशत अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों अथवा सरकारी वित्तीय संस्थाओं की मीयादी जमाराशियों/जमा प्रमाणपत्रों के रूप में अथवा इन बैंकों या वित्तीय संस्थाओं में से किन्हीं में अंशतः ;

(ख) किसी राज्य या केंद्र सरकार के अधिनियम द्वारा स्थापित या गठित किसी सरकारी कंपनी या सरकारी क्षेत्र के बैंक या सरकारी वित्तीय संस्था या निगम अथवा कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) के अंतर्गत संस्थापित किसी अन्य कंपनी के बाण्डों या डिबेंचरों या वाणिज्यिक पत्रों या

---

[15] अधिसूचना सं. 176 दिनांक 19 सितंबर 2003 द्वारा शामिल किया गया।
[16] अधिसूचना सं. 180 दिनांक 5 अक्तूबर 2003 द्वारा फिर से संख्या दी गई।
[17] अधिसूचना सं. 106 दिनांक 30 अप्रैल, 1997 द्वारा प्रतिस्थापित।

अनुमोदित प्रतिभूतियों के रूप में या ऊपर (क) में दिए गए तरीकों से जमा जमाकर्ताओं के प्रति देयताओं की कुल राशि का न्यूनतम 60 प्रतिशत, जो निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगा-

[18][(i) जमाकर्ताओं के प्रति देयताओं की कुल राशि का अधिकतम दो प्रतिशत भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (म्युच्युअल फंड) विनियमावली, 1996 द्वारा नियंत्रित किसी म्युच्युअल फंड की किसी योजना/योजनाओं में निवेश किया जाएगा और ऐसे निवेश की कुल राशि जमाकर्ताओं के प्रति देयताओं की कुल राशि के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी:]

[19][उपबंध निकाल दिया गया]

(ii) देयताओं की कुल राशि का अधिकतम 10 प्रतिशत कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) के अंतर्गत संस्थापित ऐसी कंपनियों के डिबेंचरों, बांडों या वाणिज्यिक पत्रों के रूप में निवेश किया जाएगा जो ऐसी अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी की कोई कंपनी या कोई सहायक कंपनी, धारक कंपनी या कोई सरकारी कंपनी या कोई सरकारी वित्तीय संस्था नहीं है।

बशर्ते कि ऐसे बांडों या डिबेंचरों को अनुमोदित क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा कम-से-कम एए+ या इससे समकक्ष रेटिंग दी गई हो और वाणिज्यिक पत्रों को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी अधिसूचना आइईसीडी संख्या 1/87 (सीपी)-89/90 दिनांक 11 दिसंबर, 1989 के अनुसार अपेक्षित रेटिंग दी गई हो;

(ग) जमाकर्ताओं के प्रति देयताओं की कुल राशि का अधिकतम 20 प्रतिशत या कंपनी की निवल स्वाधिकृत निधि के दसगुनी राशि का, जो भी, कम हो, किसी भी ऐसे तरीके से निवेश किया जा सकता है जो कंपनी के निदेशक मंडल के अनुमोदन के अनुसार कंपनी की नज़र में सुरक्षित हो, बशर्ते कि ऐसी कंपनी की निवल स्वाधिकृत निधि की स्थिति सकारात्मक हो। फिर भी, जहां ऐसी कंपनी की निवल स्वाधिकृत निधि शून्य या नकारात्मक हो तो एंसी कंपनी ऐसी राशि का निवेश ऊपर दिए गए केवल (क) अथवा (ख) के अनुसार करेगी।]

[20][1 जुलाई 2004 को और उस दिन से-

(1) प्रत्येक अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी ऐसी एक राशि का निवेश करेगी अथवा निवेश करना जारी रखेगी जिसमें भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45-आइबी के अंतर्गत परिसंपत्ति के रूप में निवेश की गई राशि भी शामिल है, जो 30 सितंबर 2004 को समाप्त तिमाही के किसी दिन कारोबार की समाप्ति पर और उसके बाद प्रत्येक तिमाही के किसी दिन जमाकर्ताओं के प्रति देयताओं की कुल राशि से कम नहीं होगी। यह निवेश दूसरी अगली तिमाही

---

[18] अधिसूचना सं. 143 दिनांक 30 जून 2000 द्वारा प्रतिस्थापित
[19] अधिसूचना सं. 168 दिनांक 29 मार्च 2003 द्वारा निकाला गया
[20] अधिसूचना सं. 178 दिनांक 22 जून 2004 द्वारा प्रतिस्थापित

के अंतिम कार्य दिवस को कारोबार की समाप्ति पर (चाहे ऐसी राशियां देय हो गई हों या नहीं) ऐसी प्रतिभूतियों या अन्य प्रकार के निवेशों में किया जायेगा जो भाररहित हैं और जिसका मूल्य निम्नलिखित तरीके से वर्तमान बाजार मूल्य से अधिक निर्धारित नहीं किया जाता है, अर्थात्-

(क) जमाकर्ता के प्रति देयताओं की कुल राशि के न्यूनतम 10 प्रतिशत अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की मीयादी जमा-राशियों/जमा प्रमाण-पत्रों अथवा विनिर्दिष्ट वित्तीय संस्थाओं के जमा प्रमाणपत्रों के रूप में, बशर्ते कि उन जमा प्रमाण-पत्रों को किसी अनुमोदित क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा कम-से-कम एए+ या उससे समकक्ष की रेटिंग दी गई हो, अथवा इस प्रकार रेटिंग प्राप्त मीयादी जमाराशियों/ जमा प्रमाण-पत्रों में अंशतः ;

(ख) किसी राज्य सरकार या केंद्र सरकार द्वारा उनके बाजार उधार कार्यक्रम के दौरान जारी की गई प्रतिभूतियों, अथवा कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 2) के अंतर्गत संस्थापित किस अन्य कंपनी के बांडों या डिबेंचरों (जिन्हें किसी अनुमोदित क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा कम-से-कम एए+ या उसके समकक्ष रेटिंग दी गई हो और जो किसी मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हों) के रूप में या खंड (क 1) में दिए गए तरीके से या म्युच्युअल फंडों की ऋणोन्मुखी योजनाओं में जमाकर्ताओं के प्रति देयताओ की कुल राशि का न्यूनतम 70 प्रतिशत, जो निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगा-

(i) जमाकर्ताओ के प्रति देयताओं की कुल राशि का न्यूनतम 15 प्रतिशत किसी राज्य सरकार या केंद्र सरकार द्वारा बाजार उधार कार्यक्रम के दौरान जारी की गई प्रतिभूतियों में निवेश किया जाएगा;

(ii) जमाकर्ताओं के प्रति देयताओं की कुल राशि का अधिकतम दो प्रतिशत भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (म्युच्युअल फंड) विनियमावली, 1996 द्वारा नियंत्रित किसी एक ऋणोन्मुख म्युच्युअल फंड में निवेश किया जाएगा और ऐसे निवेश की कुल राशि जमाकर्ताओं के प्रति देयताओं की कुल राशि के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी;

बशर्ते कि 1 जुलाई 2004 को और उस दिन से कोई अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी, जो उपर्युक्त अपेक्षाओं का अनुपालन नहीं करती है, अन्य प्रतिभूतियों में तब तक कोई निवेश नहीं करेगी जब तक इस श्रेणी के निवेश में हुई कमी पूरी न कर ली जाए।

बशर्ते किसी बांड या डिबेंचर की क्रेडिट रेटिंग में निर्धारित ग्रेड से गिरावट की स्थिति में वह बांड या डिबेंचर उपर्युक्त अपेक्षाओं के अनुपालन के लिए अपात्र हो जाएंगे और रेटिंग में हुई गिरावट से उत्पन्न उपर्युक्त पैरा के अनुपालन में हुई कमी को खंड (ग) और (घ) में दिए गए अनुसार प्रतिभूतियों में आगे किए जाने वाले निवेश से पहले पूरा कर लिया जाए।

बशर्ते उसी समूह की धारक कंपनी/सहायक कंपनी द्वारा जारी डिबेंचर/बांड ऐसे निवेश के लिए योग्य पात्र नहीं होंगे।

(ग) 31 मार्च 2005 से पहले की अवधि के लिए जमाकर्ताओं के प्रति देयताओं की कुल राशि का अधिकतम 20 प्रतिशत अथवा कंपनी की निवल स्वाधिकृत निधि के दसगुनी राशि का, जो भी कम हो, किसी भी ऐसे तरीके से निवेश किया जा सकता है जो कंपनी के निदेशक मंडल के अनुमोदन के अनुसार कंपनी की नजर में सुरक्षित हो;

(घ) 1 अप्रैल, 2005 को और उस दिन से जमाकर्ता के प्रति देयताओं की कुल राशि का अधिकतम दस प्रतिशत अथवा कंपनी की निवल स्वाधिकृत निधि की एक गुनी राशि का, जो भी कम हो, किसी भी ऐसे तरीके से निवेश किया जा सकता है, जो कंपनी के निदेशक मंडल के अनुमोदन के अनुसार कंपनी की नजर में सुरक्षित हो।

(ङ) 1 अप्रैल 2006 को और उस दिन से जमाकर्ताओं के प्रति देयताओं की कुल राशि का केवल उप पैरा (क) अथवा उप पैरा (ख) के अनुसार निवेश किया जाएगा।]

[21]*[1 अप्रैल 2006 और उस दिन से*

(1) प्रत्येक अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45 आइबी के अंतर्गत परिसंपत्तियों में निवेश की गयी राशि सहित, उन प्रतिभूतियों में या अन्य प्रकार के लिखतों में, जो भार रहित हों और जिनका मूल्यांकन चालू बाजार मूल्य से अधिक नहीं किया जाए, एक धनराशि, जो 31 दिसंबर 2005 को समाप्त तिमाही के किसी दिन और उसके बाद प्रत्येक तिमाही के किसी दिन, दूसरी पूर्वगामी तिमाही के अंतिम कार्य दिवस को कारोबार की समाप्ति पर जमाकर्ताओं के प्रति बकाया देयताओं की कुल राशि (चाहे ऐसी राशियां देय हो गयी हों अथवा नहीं) से कम नहीं होगी, निम्नप्रकार से निवेश करेगी और करना जारी रखेगी, अर्थात्

(क) जमाकर्ताओं के प्रति देयताओं की कुल राशि का न्यूनतम 10 प्रतिशत अनुसूचित वाणिज्य बैंक की मीयादी जमाराशियों/जमा प्रमाणपत्रों में, अथवा विनिर्दिष्ट वित्तीय संस्थाओं के जमा प्रमाणपत्रों में, बशर्ते उक्त जमा प्रमाणपत्रों का किसी अनुमोदित साख निर्धारण एजेंसी द्वारा एए+ रूप में या उनके समकक्ष साख निर्धारण किया गया हो या आंशिक रूप से इन मीयादी जमाराशियों/इस प्रकार साख निर्धारित जमा प्रमाणपत्रों में से किसी में;

---

[21] 31 मार्च 2006 की अधिसूचना सं.186 द्वारा प्रतिस्थापित।

(ख) जमाकर्ताओं के प्रति देयताओं की कुल राशि का न्यूनतम 75 प्रतिशत अपने बाजार उधारी कार्यक्रम के दौरान किसी राज्य सरकार या केंद्र सरकार द्वारा जारी की गयी प्रतिभूतियों में या कंपनी

अधिनियम, 1956 (1956 का 1) के अंतर्गत निगमित किसी अन्य कंपनी के बांडों या डिबेंचरों (किसी अनुमोदित साख निर्धारण एजेंसी द्वारा न्यूनतम एए+ रूप में या उसके समकक्ष साख निर्धारित और किसी मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्चेंज में सूचीबद्ध) में या खंड (क) में उल्लिखित रूप में या म्युचुअल फंडों की ऋण उन्मुख योजनाओं में; परंतु यह निवेश इन शर्तों के अंतर्गत किया जाएगा कि

(i) जमाकर्ताओं के प्रति देयताओं की कुल राशि का न्यूनतम 15 प्रतिशत बाजार उधारी कार्यक्रम के दौरान जारी की गयी किसी राज्य सरकार या केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश किया जायेगा।

(ii) जमाकर्ताओं के प्रति देयताओं की कुल राशि के 2 प्रतिशत से अनधिक किसी एक ऋण उन्मुख म्युचुअल फंड में निवेश किया जायेगा, जो भारतीय प्रतिभूति और एक्स्चेंज बोर्ड (म्युचुअल फंड) नियमावली, 1996 द्वारा नियंत्रित हो तथा ऐसा कुल निवेश जमाकर्ताओं के प्रति देयताओं की कुल राशि के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

बशर्ते कि कोई अवशिष्ट गैर बैंकिंग कंपनी जो 1 अप्रैल 2006 को और उस दिन से उपर्युक्त अपेक्षा को पूरा नहीं करती है, वह जब तक इस श्रेणी के निवेशों में कमी को पूरा न करले तब तक अन्य प्रतिभूतियों में निवेश नहीं करेगी।

बशर्ते कि किसी बांड या डिबेंचर का साख निर्धारण निर्धारित से निम्न श्रेणी में आ जाने की स्थिति में उक्त बांड या डिबेंचर उपर्युक्त अपेक्षा का अनुपालन करने के लिए अपात्र हो जाएगा और साख के इस प्रकार निम्न श्रेणी में आ जाने के कारण उपर्युक्त पैराग्राफ के अनुपालन में यदि कोई कमी हो तो खंड (ग) या (घ) में उपबंधित प्रतिभूतियों में आगे कोई निवेश करने से पूर्व उसे पूरा किया जायेगा।

परंतु शर्त यह है कि नियंत्रक कंपनी /अनुषंगी कंपनी/एक ही समूह की कंपनी द्वारा जारी किये गये डिबेंचर/बांड ऐसे निवेश के लिए पात्र नहीं होंगे।

(ग) 1 अप्रैल 2006 को और उस दिन से जमाकर्ताओं के प्रति देयताओं की कुल राशि का अधिकतम 5 प्रतिशत या उक्त कंपनी की निवल स्वाधिकृत निधि का एक गुणा, जो भी कम हो, उस प्रकार से निवेश किया जायेगा जो कंपनी के निदेशक मंडल के अनुमोदन के अनुसार कंपनी की राय में सुरक्षित हो,

(घ) 31 दिसंबर 2005 को जमाकर्ताओं के प्रति देयताओं की कुल राशि के स्तर से ऊपर जमाकर्ताओं के प्रति वृद्धिशील देयताओं को 1 जुलाई 2006 को और उस दिन से उपरिलिखित उप पैराग्राफ(क) या उप पैराग्राफ (ख) के अनुसार ही निवेश किया जायेगा।

(ङ) 1 अप्रैल 2007 को और उस दिन से जमाकर्ताओं के प्रति गत दूसरी तिमाही के अंतिम कार्य दिवस को देयताओं की कुल राशि केवल उप पैराग्राफ(क) या उप पैराग्राफ (ख) के अनुसार निवेश की जायेगी।

स्पष्टीकरण

खंड 'घ' के प्रयोजनार्थ 'जमाकर्ताओं के प्रति वृद्धिशील देयताओं' का तात्पर्य है 31 दिसंबर 2005 को जमाकर्ताओं के प्रति देयताओं की कुल राशि से जमाकर्ताओं के प्रति अधिक देयताएं।

[22][(2) प्रत्येक अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी

(i) किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक में अथवा भारतीय स्टाक धारिता निगम लि. (एसएचसीएल) में ग्राहकों की सहायक सामान्य बही खाता (सीएसजीएल) अथवा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड में पंजीकृत निक्षेपागार सहभागी के माध्यम से किसी निक्षेपागार में डीमैट खाता खोलेगी और भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45-आइबी तथा अधिसूचना सं. डीएफसी.120/ईडी(जी)-98 दिनांक 31 जनवरी, 1998 के अनुसरण में इस तरह खोले गए सीजीएसएल खाते या डीमैट खाते में अपेक्षित भाररहित अनुमोदित प्रतिभूतियां रखेगी;

(ii) उपर्युक्त उप पैरा (1) के खंड (ख) मे निर्दिष्ट अन्य प्रतिभूतियों को उक्त सीएसजीएल खाते या डीमैट खाते में रखेगी यदि उनको डीमैट स्वरुप दे दिया गया है; और

(iii) जहां उस गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी का पंजीकृत कार्यालय स्थित है, कंपनी किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक को अपने प्राधिकृत बैंकर के रूप में प्राधिकृत करेगी और ऐसे बैंक अथवा भारतीय स्टाक धारिता निगम लि. को उपर्युक्त पैरा (1) के खंड (क) और (ख) में निर्दिष्ट सभी भाररहित जमा रसीदों और प्रतिभूतियों तथा ऐसी भाररहित अनुमोदित प्रतिभूतियों को, जिन्हें डीमैट स्वरूप नहीं दिया गया है, कागजी रूप में सौप देगी;

और ऐसे अनुसूचित वाणिज्य बैंक के नाम और पता, जहां कंपनी ने अपना सीएसजीएल खाता खोला है अथवा प्रतिभूतियों को कागजी रूप में रखा है अथवा भारतीय स्टाक धारिता निगम लि. का पता जहां उसने अपना सीएसजीएल खाता खोला है अथवा प्रतिभूतियों को कागजी रूप में रखा है अथवा उस निक्षेपागार और निक्षेपागार सहभागी का पता, जहां उसने अपना डीमैट खाता रखा है,

---

[22] अधिसूचना सं. 161 दिनांक 1 अक्तूबर 2002 द्वारा प्रतिस्थापित।

भारतीय रिज़र्व बैंक के उस क्षेत्रीय कार्यालय को, जिसके क्षेत्राधिकार में कंपनी का पंजीकृत कार्यालय अवस्थित है, लिखित रूप में सूचना देगी जैसा अनुसूची (ख) में विनिर्दिष्ट किया गया है।

बशर्ते यदि कोई अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी प्राधिकृत बैंकर अथवा भारतीय स्टाकधारिता निगम लि. के उस स्थान से, जहां उस कंपनी का पंजीकृत कार्यालय स्थित है, इतर स्थान पर है, उपर्युक्त खंड (iii) में विनिर्दिष्ट प्रतिभूतियां सौंपना चाहती है तो वह ऐसा भारतीय रिज़र्व बैंक के उस क्षेत्रीय कार्यालय की लिखित रूप में पूर्व अनुमोदन से, जिसके क्षेत्राधिकार में उक्त कंपनी का पंजीकृत कार्यालय अवस्थित है, कर सकती है जैसा अनुसूची 'ख' में विनिर्दिष्ट किया गया है;]

[23][बशर्ते उक्त सीएसजीएल खाता अथवा डीमैट खाता में रखी गई सरकारी प्रतिभूतियों का या तो तैयार वायदा संविदा में प्रविष्ट होकर, जिसमें प्रतिगामी वायदा संविदा (रिवर्स फॉरवर्ड कॉन्ट्रैक्ट) भी शामिल हैं, अथवा एक सीमा तक नीचे विनिर्दिष्ट प्रक्रिया अपनाकर आगे कोई क्रय-विक्रय नहीं किया जाएगा।]

[24][(3) ऊपर उप-पैरा (1) में उल्लिखित प्रतिभूतियों को जमाकर्ताओं के हित में ऊपर उप पैरा (2) में यथा विनिर्दिष्ट रूप में रखा जाता रहेगा और भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन से जमाकर्ताओं को की जानेवाली चुकौती के प्रयोजन के अलावा अन्य किसी प्रयोजन के लिए अवशिष्ट गैर-बंकिंग कंपनी द्वारा उनका आहरण या नकदीकरण या अन्य रूप में कोई सौदा नहीं किया जाएगाः

बशर्ते,

(i) कोई अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी जनता की जमाराशियों में हुई कमी के अनुपात में ऐसी प्रतिभूतियों का एक भाग अपने लेखा-परीक्षक द्वारा विधिवत रूप से प्रमाणित कराकर आहरित कर सकती है।

(ii) यदि अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी कागजी रूप में रखी गई ऐसी प्रतिभूतियों के बदले में दूसरी प्रतिभूतियां रखना चाहती है तो वह ऐसे आहरण के पहले प्राधिकृत बैंक अथवा भारतीय स्टाक धारिता निगम लि. को समान मूल्य की प्रतिभूतियां सौंपकर ऐसा कर सकती है; और

(iii) [25][]]

[26][(3ए) *अगर कोई अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी सरकारी प्रतिभूतियों में तैयार वायदा संविदाओं में प्रविष्ट होकर, जिसमें प्रतिगामी तैयार वायदा संविदा भी*

---

[23] अधिसूचना सं. 171 दिनांक 31 जुलाई 2003 द्वारा शामिल।
[24] अधिसूचना स. 161 दिनांक 1 अक्तूबर 2002 द्वारा शामिल।
[25] अधिसूचना सं. 171 दिनांक 31 जुलाई 2003 द्वारा निकाला गया।
[26] अधिसूचना सं. 171 दिनांक 31 जुलाई 2003 द्वारा शामिल ।

शामिल हैं, अथवा अन्यथा, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-आइबी और अधिसूचना सं. डीएफसी.120/ईडी(जी)-98 दिनांक 31 जनवरी, 1998 के अंतर्गत निर्धारित अपेक्षा से अधिक रखी गई सरकारी प्रतिभूतियों में क्रय-विक्रय करने का इरादा करती है तो ऐसी अपेक्षा से अधिक सरकारी प्रतिभूतियां वह अगले सीएसजीएल या डीमैट खाता मेंरखकर उक्त कारोबार कर सकती है।]

[27] [[28][(4)] प्रत्येक अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी प्रत्येक तिमाही के समाप्त होने के बाद कारोबार की समाप्ति से 15 दिनों के भीतर अपने सांविधिक लेखा परीक्षकों से एक प्रमाण-पत्र रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत करेगी, जिसमें यह प्रमाणित किया गया होगा कि कंपनी द्वारा जुटाई गयी जमाराशि और किए गए निवेश दूसरी अगली तिमाही के अंतिम कार्य दिवस को कारोबार की समाप्ति पर जमाकर्ताओं के प्रति देयताओं की कुल बकाया राशि से कम नहीं है।]

[29]***[स्पष्टीकरण***

(i) *'निवल स्वाधिकृत निधि' का अर्थ वही है जो भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45-आइए में परिभाषित किया गया है जिसमें वे प्रदत्त अधिमान शेयर शामिल हैं जो अनिवार्य रूप से ईक्विटी में परिवर्तनीय हैं;*

(ii) *"देयताओं की कुल राशि" का अर्थ प्राप्त जमाराशियों की कुल राशि के साथ संविदा की शर्तों के अनुसार जमाराशियों पर उपचित ब्याज प्रीमियम, बोनस या किसी भी नाम से देय अन्य लाभ की राशि होता है।*

(iii) *"तिमाही" का अर्थ मार्च, जून, सितंबर या दिसंबर के अंतिम दिन को समाप्त होनेवाले तीन महीने की अवधि है।*

(iv) *"अनुमोदित क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों" का अर्थ है-*

(क) भारतीय साख निर्धारण सूचना सेवा लि. (क्रिसिल),

(ख) भारतीय निवेश सूचना और साख श्रेणी निर्धारण एजेंसी (इक्रा)

(ग) ऋण विश्लेषण और अनुसंधान लिमिटेड (केयर)

(घ) फिच (एफआईटीसीएच) रेटिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (फिच इंडिया)"

---

[27] अधिसूचना सं.106 दिनांक 30 अप्रैल 1997 द्वारा प्रतिस्थापित।
[28] अधिसूचनासं. 161 दिनांक 1 अक्तूबर 2002 द्वारा पुनः संख्या दी गई।
[29] अधिसूचना सं. 178 दिनांक 22 जून 2004 द्वारा प्रतिस्थापित।

(v) 'अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक' का अर्थ वह बैंक है जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की दूसरी अनुसूची में शामिल किया गया है, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अथवा सहकारी बैंक इससे बाहर है।

(vi) 'सरकारी कंपनी' का अर्थ कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 617 के अंतर्गत परिभाषित कंपनी है।

(vii) 'विनिर्दिष्ट वित्तीय संस्था' का अर्थ इस अधिसूचना की अनुसूची 'घ' में सूचीबद्ध संस्थाएं हैं।

(viii) 'धारक कंपनी', 'अनुषंगी कंपनी', 'उसी समूह की कंपनी' का अर्थ वही होगा जो उन्हें कंपनी अधिनियम, 1956 में समनुदेशित किया गया है।]

7. जब्ती की समाप्ति

15 मई 1987 को और उस दिन से कोई अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी जमाकर्ता द्वारा जमा की गई कोई राशि या उस पर उपचित कोई ब्याज, प्रीमियम बोनस या अन्य लाभ जब्त नहीं करेगी।

8. जमाराशियों के लिए अनुरोध किए जाने वाले फॉर्म में निर्दिष्ट किए जानेवाले ब्यौरे

15 मई, 1987 को और उस दिन से से कोई अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी द्वारा आपूर्त फॉर्म में जमाकर्ता से प्राप्त लिखित आवेदन के अलावा अन्य किसी तरीके से जमाराशि स्वीकृत, उसका नवीकरण या परिवर्तन नहीं करेगी, उक्त फॉर्म में वे सभी ब्यौरे शामिल होंगे जिन्हें कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 58 ए के अंतर्गत निर्मित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी और विविध गैर-बैंकिंग कंपनी (विज्ञापन) नियमावली1977 में विनिर्दिष्ट किया गया है। ऐसे आवेदन-पत्र में उस प्रतिलाभ से संबंधित पूर्ण विवरण शामिल होंगे जो जमाकर्ता अपनी जमाराशि पर पाने का हकदार है।

9. जमाकर्ताओं को रसीद दिया जाना

(1) प्रत्येक अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी को प्रत्येक जमाकर्ता या उसके एजेंट से इन निदेशों के जारी होने के पहले या बाद में कंपनी द्वारा जमाराशि के रूप में प्राप्त हुई या होनेवाली प्रत्येक राशि के लिए एक रसीद देना होगा, यदि ऐसी रसीद वह पहले से नहीं दे रही है।

(2) उक्त रसीद कंपनी की ओर से इस कार्य के लिए अधिकृत किसी अधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित होगी और उसमें राशि जमा किए जाने की तिथि, जमाकर्ता का नाम, जमाराशि के रूप में कंपनी द्वारा प्राप्त राशि शब्दों और अंकों में तथा उस पर देय ब्याज दर, प्रीमियम, बोनस अथवा अन्य लाभ और जिस तिथि को जमाराशि प्रतिदेय होगी, इन सबका विवरण होगा।

10. जमाराशि रजिस्टर

(1) प्रत्येक अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी एक या उससे अधिक रजिस्टर (पंजी) रखेगी जिसमें प्रत्येक जमाकर्ता के मामले में अलग-अलग निम्नलिखित ब्यौरों की प्रविष्टि की जाएगी, अर्थात्

(क) जमाकर्ता का नाम और पता,

(ख) प्रत्येक जमाराशि की तिथि और राशि,

(ग) प्रत्येक जमाराशि की अवधि और देय तिथि,

(घ) प्रत्येक जमाराशि पर उपचित ब्याज, बोनस या प्रीमियम या अन्य लाभ की तिथि और राशि,

(ङ) प्रत्येक चुकौती की तिथि और राशि,

(च) जमाराशि से संबंधित अन्य कोई विवरण

उपर्युक्त रजिस्टर/रजिस्टरों को कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में रखा जाएगा और जिस वित्तीय वर्ष में किसी में जमाराशि की चुकौती या नवीकरण के अद्यतन ब्यौरे उक्त रजिस्टर में दर्ज किए गए है, उसके बाद आनेवाले कम-से-कम आठ कैलेंडर वर्षों की अवधि के लिए उस रजिस्टर को सही ढंग से संरक्षित रखा जाएगा।

(2) प्रत्येक अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी इन निदेशों के जारी होने के बाद युनिटों या प्रमाणपत्रों या अन्य लिखतों की बिक्री से प्राप्त हुई/प्राप्य जमाराशि से संबंधित अलग से लेखापुस्तिका और रजिस्टर रखेगीः

बशर्ते कंपनी अधिनियम, 1956(1956 का 1) की धारा 209 की उपधारा (1) में निर्दिष्ट लेखा-बही यदि कंपनी उक्त उपधारा के उपबंध के अनुसार अपने पंजीकृत कार्यालय से इतर किसी स्थान पर रखती है तो इस पैरा का पर्याप्त अनुपालन होगा, यदि कंपनी उक्त उपधारा के उपंबंध के अंतर्गत इस संबंध में रजिस्ट्रार को दाखिल की गई सूचना की एक प्रति रिज़र्व बैंक को उक्त दाखिले के सात दिन के अंदर दे देती है।

11. निदेशक मंडल की रिपोर्ट में शामिल की जानेवाली सूचना

(1) प्रत्येक अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कपनी के मामले में, इन निदेशों के जारी होने की तिथि के बाद से, कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 217 की उप धारा (1) के अंतर्गत कंपनी की आमसभा में कंपनी के समक्ष रखी जाने वाली निदेशक मंडल की प्रत्येक रिपोर्ट में निम्नलिखित सूचनाओं के ब्यौरे शामिल किए जाएंगे, यथा-

(क) इन निदेशों के प्रावधानों का अनुपालन;

(ख) कंपनी के ऐसे जमाकर्ताओं की कुल संख्या जिन्होंने संविदा या इन निदेशों के प्रावधानों के अनुसार चुकौती या नवीकरण की नियत तारीख के बाद भी अपनी जमाराशि पर दावे नहीं किए गए हैं अथवा कंपनी द्वारा भुगतान नहीं किया गया, जो भी लागू हो; और

(ग) जमाकर्ताओं को देय कुल राशि और उपर्युक्त खंड (ख) में विनिर्दिष्ट तिथि के बाद दावा नहीं की गयी या अदत्त राशि उक्त विवरण या सूचना संबंधित वित्तीय वर्ष की अंतिम तिथि की स्थिति के अनुसार प्रस्तुत की जाएगी; और

(2) यदि उप पैरा (1) के खंड (ख) में निर्दिष्ट किए गए अनुसार दावा नहीं की गई या अदत्त राशि पांच लाख रुपए के कुल राशि से अधिक है तो जमाकर्ताओं को देय राशि की चुकौती और दावा नहीं की गई या अदत्त राशि के लिए निदेशक मंडल द्वारा की गई या प्रस्तावित कार्रवाई के बारे में एक विवरण भी रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा।

12. प्रत्येक अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी अपनी लेखा-बही और अपने तुलन पत्र में प्राप्त जमाराशियों की कुल राशि के साथ उस पर उपचित या जमाकर्ताओं को देय ब्याज, बोनस, प्रीमियम या अन्य लाभ को देयता के रूप में बतायेगी।

13. रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत की जानेवाली निदेशक की रिपोर्ट के साथ तुलन पत्र और लेखे की प्रतियां

प्रत्येक अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी, हर वित्तीय वर्ष की अंतिम तिथि की स्थिति के अनुसार एक लेखा परीक्षित तुलन पत्र और संबंधित लेखा परीक्षित लाभ-हानि खाता की प्रतियां जिसे कंपनी द्वारा आम सभा में पारित किया गया हो, कंपनी अधिनियम की धारा 217(1) के अनुसार कंपनी की उक्त सभा में सामने रखी गई कंपनी के निदेशक मंडल की रिपोर्ट की एक प्रति, उक्त सभा के 15 दिनों के भीतर रिज़र्व बैंक को सुपुर्द करेगी यदि ऐसा उसने पहले नहीं किया है।

14. रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत की जाने वाली विवरणियां

(1) पैरा 13 के प्रावधानों के प्रति बिना किसी पूर्वाग्रह के, प्रत्येक अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी रिज़र्व बैंक के पास अनुसूची 'क' में विनिर्दिष्ट तिथियों की स्थिति के अनुसार उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट सूचनाएं प्रस्तुत करने वाली एक विवरणी प्रस्तुत करेगी।

(2) (i) प्रत्येक अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी इन निदेशों के जारी होने की तिथि अथवा अपना कारोबार प्रारंभ होने की तिथि से, जो भी बाद में हो, अधिकतम 2 महीने तक रिज़र्व बैंक को एक लिखित विवरण सुपुर्द करेगी, जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे-

(क) उसके प्रमुख अधिकारियों के नाम, पदनाम और व्यावसायिक योग्यताएं;

(ख) कंपनी के निदेशकों के नाम, उनकी योग्यताएं और उनके आवासीय पते;

(ग) कंपनी की ओर से उप पैरा (1) में विनिर्दिष्ट विवरणी पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत अधिकारियों के हस्ताक्षर के नमूने और ;

(ii) इस उप पैरा के खंड (i) में निर्दिष्ट सूची में किसी तरह के परिवर्तन की सूचना ऐसे परिवर्तन की तिथि से एक महीने के भीतर रिज़र्व बैंक को दी जाएगी।

15. [30][पर्यवेक्षण] विभाग को प्रस्तुत किए जानेवाले तुलन-पत्र, विवरणी आदि

इन निदेशों के अनुसरण में रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत किए जाने वाले तुलनपत्र, विवरणी अथवा

---

[30] 24 जुलाई1996 की अधिसूचना सं डीएफसी(सीओसी)/88ईडी(जेआरपी)/96 द्वारा प्रतिस्थापित।

अपेक्षित सूचना रिज़र्व बैंक के उस क्षेत्रीय कार्यालय के पर्यवेक्षण विभाग को प्रस्तुत की जाएंगी जिनके क्षेत्राधिकार के अंतर्गत कंपनी का पंजीकृत कार्यालय अवस्थित है, जैसा कि अनुसूची 'ख' में विनिर्दिष्ट किया गया है।

16. विज्ञापन के बदले में विज्ञापन और विवरण

(1) प्रत्येक अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी और विविध गैर-बैंकिंग कंपनी (विज्ञापन) नियमावली, 1977 के प्रावधानां का अनुपालन करेगी और इसके अंतर्गत जारी किए जाने वाले प्रत्येक विज्ञापन में निम्नलिखित को भी विनिर्दिष्ट करेगीः

(क) ब्याज, प्रीमियम, बोनस या अन्य लाभ के रूप में जिमाकर्ताओं को दए जाने वाले प्रतिलाभ की वास्तविक दर;

(ख) जमाकर्ताओं को चुकौती की तरीके;

(ग) जमाराशि की परिपक्वता की अवधि;

(घ) किसी विनिर्दिष्ट जमा राशि पर देय ब्याज;

(ङ) यदि जमाकर्ता दुर्घटना बीमा या ऐसे ही किसी अतिरिक्त लाभ के रूप में किसी आकर्षक उपहार/प्रोत्साहन के लिए पात्र है, तो इस तरह के उपहार या अतिरिक्त लाभ की राशि जो कंपनी देती हो;

(च) यदि जमाकर्ता अपनी जमा राशि का अवधि पूर्व आहरण करता है तो जमाकर्ता को देय ब्याज की दर, वे शर्तें जिनके अधीन किसी जमाराशि को पुनः सक्रिय /नवीकृत किया जाएगा;

(छ) उन शर्तों की अन्य विशेषताएं जिनके अधीन जमाराशियां स्वीकार/सक्रिय/नवीकृत की जाती हैं; और

[31][*(ज) कि उसके द्वारा मांगी गई जमाराशि का बीमा नहीं किया जाता है।*]

